प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **ओवर वेट के कारण विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित किया गया।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए फोगाट को चैंपियनों में चैंपियन कहा।**
3. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्रों को गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय के साथ शिक्षा विभाग को समन्वय से काम करने को कहा।**

और

4. **मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहार समेत छह जिलों में आठ और नौ अगस्त को भारी बारिश को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।**

****

पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट का वजन सौ ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें पचास किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती की फाइनल स्पर्धा के अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ ने एक वक्तव्य में कहा है कि रात में टीम द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद आज सुबह फोगाट का वजन पचास किलोग्राम से अधिक था।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में विनेश फोगाट को सांत्वना देते हुए कहा है कि यह दुखद है और उनके पास अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहलवान फोगाट चैंपियनों में चैंपियन हैं। वे भारत का गौरव और हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय ओलिम्पिक संघ–आई.ओ.ए. की अध्यक्ष पी.टी. उषा से भी बात की है और मामले की जानकारी मांगी है।

****

विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किये जाने के मामले में केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने संसद में दिये बयान में कहा कि वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। इसे लेकर भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विनेश को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ से इस बारे में सभी संभावनाएं तलाशने को कहा गया है।

****

राज्य के उच्च और तकनीकि शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार ने आज राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने श्री पुरवार से राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो, इस दिशा में विभाग और विश्वविद्यालय समन्वय स्थापित कर सक्रियता से कार्य करें। इस मौके पर राज्यपाल ने सचिव के साथ विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों की समस्या को दूर करने पर भी चर्चा की।

****

रांची के गढ़खटंगा स्थित भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान में आज 75वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों को वृक्ष लगाने का आहवान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रकृति और जीवन एक दूसरे के पूरक हैं और इसकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिले में कई जनजातीय छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों की व्यवस्था और विद्यार्थियों को मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी ली। जांच के दौरान कई खामियां पायी गयी। बाद में उन्होंने आयोग की टीम के साथ चाईबासा परिसदन में जिले के वरीय पदाधिकारियों और विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बच्चों के नामांकन में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नहीं रखने का निर्देश उपायुक्त और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को दिया है, क्योंकि इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी।

****

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज रांची में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के तहत राज्य स्तरीय वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आईसीएमआर के गाइडलाइन के तहत वयस्कों के लिए बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में राज्य के 12 जिलों में इसे चलाया जा रहा है तथा आने वाले दिनों में इसका दायरा और अधिक बढ़ाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य को टीबी मुक्त करने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं।

****

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर आज विशेष अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में श्री आलम की ओर से न्यायालय में बहस पूरी कर ली गयी है। सुनवाई के दौरान ईडी की गिरफ्तारी और

कमीशन लेने के आरोप को गलत बताया गया। अब ईडी की ओर से इस मामले में नौ अगस्त को बहस की जाएगी।

****

पलामू भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी की टीम ने आज बड़ी कारवाई करते हुए गढ़वा जिले के राज्यकीयकृत उच्च विद्यालय कांडी की प्रधानाध्यापिका विद्यामी बाखला को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के व्यवसायिक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार से प्रधानाध्यापिका ने किसी काम के एवज में रूपये की मांग की थी।

****

सौर ऊर्जा प्लेट निर्माण के क्षेत्र में युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल रहा है। महज कुछ महीनों का प्रशिक्षण लेकर ही युवा इस क्षेत्र में हर दिन एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

****

रांची समेत राज्य भर में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र ने आठ और नौ अगस्त को गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगां में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र से लेकर समीप के बांग्लादेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इसके प्रभाव से राज्य में बारिश के आसार हैं।

********समाप्त********